भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या 1284
गुरुवार, 27 जुलाई, 2023 / 5 श्रावण, 1945 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

बेलगावी विमानपत्तन से उड़ान सेवाएं

1284. श्रीमती मंगल सुरेश अंगड़ी:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि कर्नाटक के बेलगावी विमान पत्तन से पुणे, नई दिल्ली और चेन्नई, जिनकी सेवाएं कुछ महीने पहले रद्द कर दी गई थीं, के लिए फिर से उड़ान सेवाओं को शुरू करने हेतु किए गए उपायों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल (डॉ.) विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त))

मार्च 1994 में, वायु निगम अधिनियम को निरस्त कर दिए जाने के पश्चात, भारतीय घरेलू विमानन क्षेत्र को नियंत्रण मुक्त कर दिया गया है। एयरलाइनें, अपनी सेवाएँ देने के लिए किसी भी बाज़ार और नेटवर्क का चयन कर सकती हैं। अतः, एयरलाइन प्रचालक अपनी प्रचालनिक एवं वाणिज्यिक व्यवहार्यता के आधार पर देश में किसी भी हवाईअड्डे से/के लिए हवाई सेवा शुरू कर सकते हैं।

मेसर्स एलायंस एयर ने, दिनांक 15.05.2019 से बेलगावी और पुणे के बीच आरसीएस मार्ग पर प्रचालन शुरू कर दिया था, जिसे 3 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर बंद कर दिया गया है। वर्तमान में, उड़ान योजना के तहत बेलगावी से हैदराबाद, अहमदाबाद, मुंबई, तिरूपति, इंदौर, सूरत, जोधपुर, नागपुर और जयपुर के लिए उड़ानें शुरू की गई हैं। कोई भी एयरलाइन अपनी वाणिज्यिक व्यवहार्यता के अनुसार, कथित मार्ग पर उड़ान प्रचालन शुरू कर सकती है।

****